# कार्यालय वन वृत्त भोपाल

खेल परिसर 74 बंगला भोपाल दूरभाष 2674296 फैक्स 2674345

क्रमांक / मा.चि. / 1485 भोपाल, दिनांक 20 जून 2017

प्रति,

अपर प्रधान मुख्य वनसंरक्षक,
(भू प्रबंध)
सतपुड़ा भवन भोपाल

**विषयः— श्यामला हिल्स भोपाल स्थित जजेस इन्क्लेव से लगी भूमि खसरा क्रमांक 91/2 एवं 92/1/1 में से 01 हेक्टेयर राजस्व वनभूमि हस्तांतरण करने बावत्।**

संदर्भः— कार्यालयीन पत्र क्र/माचि/2307 दिनांक 3/8/16 एवं आपका पत्र क्रमांक/एफ–5/786/2016/10–11/2793 दिनांक 24/12/2016 तथा जिला एवं सत्र न्यायाधीश भोपाल म.प्र. का पृ0 क्रमांक/क्र/221 दिनांक 13/1/17 एवं 2817ए/2017 दिनांक 12/06/2017 तथा वनसंरक्षक, सामान्य वनमंडल भोपाल का पत्र क्रमांक/मा.चि'/1132 दिनांक 14/06/2017

——00——

विषयान्तर्गत आपके संदर्भित पत्र दिनांक 24/12/2016 द्वारा श्यामला हिल्स भोपाल स्थित खसरा क्रमांक 91/2 एवं 92/1/1 की भूमि में से जज इन्क्लेव से लगी राजस्व वनभूमि पर, न्यायिक अधिकारियों के लिये आवास निर्माण हेतु 2.000 हेक्टर राजस्व वनभूमि के व्यपवर्तन बावत, वनसंरक्षण अधिनियम 1980 के तहत अनुमति हेतु प्रेषित प्रस्ताव के संबंध में आवेदक संस्थान (कार्यपालन यंत्री, लो0नि0वि0भोपाल) को लेख किया गया है कि, *भारत सरकार द्वारा उपरोक्त प्रस्ताव 1.000 हेक्टर तक ही मान्य करने हेतु निर्देशित किया गया हैं। अतः यदि भवन निर्माण हेतु वनभूमि की आवश्यक्ता हो तो तदानुसार 1.000 हेक्टर तक का पुनरीक्षित प्रस्ताव विधिवत प्रस्तुत करें।*

इस संबंध में जिला एवं सत्र न्यायाधीश भोपाल म.प्र.ने उनके पत्र क्र/220 दिनांक 13/1/17 से आपको लेख किया गया कि पुनः 1.000 हेक्टर वनभूमि के नवीन प्रस्ताव तैयार करनें में अत्याधिक विलंब होगा। अतः उनके द्वारा पूर्व में प्रेषित प्रस्ताव के आधार पर ही खसरा क्रमांक 91/2 एवं 92/1/1 की भूमि में से 1.000 हेक्टर भूमि न्याय विभाग के पक्ष में हस्तांतरित करने की कार्यवाही करने हेतु अनुरोध किया गया।

साथ ही उनके पृ0 क्रमांक/2817 ए/2017 दिनांक 12/06/2017 द्वारा व.म.अ. सा. भोपाल को लेख किया गया कि, *श्यामला हिल्स स्थित उक्त भूमि में से 1.000 हेक्टर भूमि न्याय विभाग को आवंटित किये जाने संबंधी प्रकरण में निर्माण कार्य के प्रस्ताव में संशोधन किया गया हैं। उन्होनें यह भी लेख किया कि उनको वरिष्ठ कार्यालय से प्राप्त निर्देशानुसार अब 1.000 हेक्टर रकबे में न्यायाधीशों के लिये प्रशिक्षण संस्थान, अस्थाई आवास (होस्टल) निर्मित किया जाना हैं। तदानुसार प्रस्ताव में संशोधन कर, प्रस्ताव वन एवं पर्यावरण मंत्रालय की वेबसाईट पर अपलोड कर दिया गया हैं।*

प्रकरण में आपके द्वारा वनसंरक्षक, सामान्य वनमंडल भोपाल को दूरभाष पर दिये गये निर्देश के पालन में वनसंरक्षक, सामान्य वनमंडल भोपाल ने उनके पत्र क्रमांक/मा.चि'/1132 दिनांक 14/06/2017 द्वारा 1.000 हे0 राजस्व वनभूमि व्यपवर्तित करने के उक्त प्रस्ताव ऑन लाईन इस कार्यालय को आगामी कार्यवाही हेतु प्रेषित किये गये हैं, जो **मूलतः ऑन लाईन ही आवश्यक कार्यवाही हेतु अनुशंसा सहित संप्रेषित हैं।**

मुख्य वनसंरक्षक,
भोपाल वृत्त भोपाल

पृ0क्रमांक / मा.चि. / 1486 भोपाल, दिनांक 20 जून 2017

**प्रतिलिपिः**—वनसंरक्षक, सामान्य वनमंडल भोपाल की ओर सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु अग्रेषित।

2. माननीय जिला एवं सत्र न्यायाधीश, म.प्र. भोपाल की ओर सूचनार्थ प्रेषित।

मुख्य वनसंरक्षक,
भोपाल वृत्त भोपाल

E:\cf act year 2012\cf act Jan 2017.doc

19.6.17

# कार्यालय वनमण्डल भोपाल

74 बंगला,खेल परिसर लिंक रोड ,कं.–1 भोपाल फोन नं. 2674359 (कार्या.) 2674322 **(Fax)**
**E-mail _ dfobhopal@mpforest.org**

क्रमांक / मा.चि. / /भोपाल / दिनांक

प्रति,

मुख्य वन संरक्षक
भोपाल वृत्त भोपाल

विषयः– श्यामला हिल्स भोपाल स्थित जजेस इन्क्लेव से लगी भूमि भूमि खसरा क्रमांक 91/2 एवं 92/1/1 में से 01 हेक्टेयर भूमि हस्तांतरण के संबंध में।

सन्दर्भः– प्रधान मुख्य वन संरक्षक (कक्ष–भू प्रबंध) का ज्ञापन क्रमांक–एफ–5/786/2016/ 10-11/ 2793, दिनांक 24.12.2016

--000--

उपरोक्त निवेदन है कि, संदर्भित पत्र के सन्दर्भ में श्यामला हिल्स भोपाल स्थित जजेस इन्क्लेव से लगी भूमि भूमि खसरा क्रमांक 91/2 एवं 92/1/1 में से 01 हेक्टेयर भूमि हस्तांतरण के संबंध में आज दिनांक अपर प्रधान मुख्य वनसंरक्षक (भू–प्रबंध)म0प्र0 भोपाल द्वारा दिये गये निर्देशो के पालन में उक्त प्रस्ताव को ऑनलाइन वरिष्ठ को प्रेषित करने के निर्देश दिये गये है। तदानुसार 1.000 हेक्टेयर राजस्व भूमि व्यपवर्तित करने की अनुशंसा की जाती है।

sd/-
(डा0 एस.पी. तिवारी)
वनसंरक्षक
एवं पदेन वनमण्डलाधिकारी
सामान्य वनमण्डल भोपाल

मुख्य व.स.भो.वृत्त, भोपाल
आवक क्र. 5253
दिनांक 16/6/17 1133

पृ.क्रमांक/मा.चि./ भोपाल/दिनांक/ 14/6/17

**प्रतिलिपिः–** माननीय जिला एवं सत्र न्यायाधीश, म0प्र0 भोपाल की ओर उनके ज्ञापन क्रमांक/2817 दिनांक 12 जून 2017 के तारतम्य में अवलोकनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही सादर प्रेषित है।

13/6/17
वनसंरक्षक
एवं पदेन वनमण्डलाधिकारी
सामान्य वनमण्डल भोपाल

परीक्षण कर सत्यापित किया जाता है कि इस पत्र पर इस कार्यालय के म0प्र0 कक्ष द्वारा ... किया जाता है।
संलग्नाधिकारी 15/6
मु.व.सं. अधीक्षक
अधीक्षक